Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of a bridge for pedestrian traffic across railway lines in Naro railway station, Ahmedabad, Gujarat.

श्री हँसमुखभाई एस. पटेल (अहमदाबाद पूर्व) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननी मंत्री जी से यह बताना चाहता हूं कि पश्चिम रेलवे द्वारा मेरे निर्वाचन क्षेत्र अहमदाबाद पूर्व (गुजरात) में आ नरोडा रेलवे स्टेशन को रिनोवेट किया जा रहा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी ए माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को धन्यवाद करता हूं। नरोडा रेलवे स्टेशन रिनोवेट किया जा रहा है उसके दोनों तरफ बाहर से पैदल आने-जाने का रास्ता नहीं है। जिस वजह से रेलवे स्टेशन के दोनों तर रहने वाले लोगों एवं स्कूल और कॉलेज के छात्रों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है जिस वजह से स्कूल व कॉलेज में छात्रों एवं नौकरी पेशा करने वाले लोगों को स्टेशन ट्रैक के ऊपर से जा पड़ता है। जिस की वजह से कभी भी दुर्घटना होने की संभावना है। इस वजह से रेलवे द्वारा रेलवे ट्रैक दोनों तरफ से लोगों को मजबूरी वश रेलवे ट्रैक क्रॉस न करना पड़े, इसलिए पैदल पुल का निर्माण कर अति आवश्यक है।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि जल्द से जल्द नरो रेलवे स्टेशन पर पैदल पुल बनाया जाए।